हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदैव | अमरवाड़ा | हर्रई ]
जबलपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026
login : www.haribhoomi.com


## चपरासी द्वारा कराई जा रही थी प्रार्थना, संकुल प्राचार्य ने किया निरीक्षण
# स्कूल से प्राचार्य सहित अतिथि शिक्षक गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



आदिवासी विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव में लगातार शिक्षा के स्तर में गिरावट हो रही है इसका मुख्य कारण शासकीय सेवकों की लापरवाही बनी हुई है जहां पर शासकीय शिक्षक शिक्षा की गरिमा को तार-तार कर रहे हैं और विद्यार्थियों के भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं।

विधानसभा क्षेत्र में एक नहीं अनेकों ऐसे मामले प्रकाश में आ चुके हैं जहां पर शिक्षकों की लापरवाही और मनमानी खुलेआम दिखाई दी है।वर्तमान में मामला जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संकुल केंद्र घानाउमरी के हाई स्कूल खिड़की कनेरी का है जहां पर स्कूल का समय 10:30 बजे ना तो स्कूल में प्रभारी प्राचार्य उपस्थित थे और ना ही अतिथि शिक्षक ऐसे में स्कूल के चपरासी द्वारा सुबह की प्रार्थना कराई जा रही थी। मौका स्थल पर संकुल प्राचार्य घानाउमरी मनोज कुमार दोहरे निरीक्षण पर पहुंचे जहां पर स्कूल में अनेकों अनियमितता और कमियां देखने को मिली। विद्यार्थियों द्वारा बताया गया की प्राचार्य हमेशा लेट ही आते हैं वह बैतूल जिले के मुलताई क्षेत्र से आवागमन करते हैं और कभी 12, 01 और 2:00 तक स्कूल पहुंचते हैं इसके साथ ही स्कूल में नियम विरुद्ध रखी गई अतिथि शिक्षिका प्रयोगशाला सहायक भी प्राचार्य के साथ आवागमन करती है और कभी-कभी ही आती है, किंतु संकुल प्राचार्य को उपस्थिति पंजी में उनके प्रतिदिन के हस्ताक्षर मिले।

### नियम विरुद्ध रखी गई अतिथि शिक्षक प्रयोगशाला सहायक

प्रभारी प्राचार्य बलदेव सिंह देवड़े द्वारा स्कूल में पूर्व में शासन द्वारा पदस्थ अतिथि शिक्षका प्रयोगशाला सहायक को बिना किसी कारण के पद से हटाकर अपने परिचित अन्य महिला को प्रयोगशाला सहायक अतिथि शिक्षक के रूप में पदस्थ किया गया है। वर्तमान में वह अपनी मनमानी करती नजर आ रही है जिसे प्राचार्य का खुला संरक्षण भी प्राप्त है। कभी-कभी स्कूल में आकर प्रतिदिन उपस्थिति पंजी में एक साथ हस्ताक्षर करने का मामला भी उजागर हुआ है। वहीं मिली जानकारी अनुसार संबंधित अतिथि शिक्षक के नियम विरुद्ध नियुक्ति को लेकर उच्च अधिकारी कार्यालय से उनका वेतन नहीं निकाला गया है यह भी जांच का विषय है कि नियम विरुद्ध प्राचार्य द्वारा कैसे अतिथि शिक्षक की भर्ती बिना प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में लाए कर ली गई है।

### इनका कहना है

खिड़की कनेरी हाई स्कूल का निरीक्षण गुरुवार को किया गया। प्राचार्य 1 घंटे बाद स्कूल पहुंचे जहां पर विद्यार्थियों ने प्राचार्य की शिकायत की है साथ ही अतिथि शिक्षक प्रयोगशाला सहायक के स्कूल में ना आने और प्रतिदिन हस्ताक्षर करने का मामला भी उजागर हुआ है। उच्च अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

**मनोज कुमार दोहरे, संकुल प्राचार्य घाना उमरी**

स्कूल के प्रभारी प्राचार्य की अनियमिता संबंधी शिकायत मिली है। इनको मूल शाला में भेजे जाने हेतु सहायक आयुक्त को पत्र लिखा जाएगा।

**ओपी जोशी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जुन्नारदेव**

# नवोदय विद्यालय में रैगिंग से परेशान दो गायब छात्रों का नहीं लगा कोई सुराग
## अभिभावक, शिक्षक और पुलिस सभी संभावित इलाकों में कर रहे तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी में रैगिंग से परेशान दो नाबालिग छात्र (बालक) फरार हो गए हैं। घटना के दो दिन बीत जाने के बावजूद अब तक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। छात्रों के अचानक लापता होने से परिजनों में भारी चिंता और आक्रोश है, वहीं स्कूल प्रशासन और पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

परिजनों का आरोप है कि दोनों बालक विद्यालय में सीनियर छात्रों द्वारा की जा रही रैगिंग से लंबे समय से परेशान थे। इस संबंध में संकेत पहले भी मिले थे, लेकिन समय रहते न तो स्कूल प्रबंधन ने सख्त कदम उठाए और न ही मामले को गंभीरता से लिया गया। इसी मानसिक दबाव के चलते दोनों छात्र विद्यालय से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम संभावित ठिकानों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में तलाश कर रही है। साथ ही छात्रों के दोस्तों और स्कूल स्टाफ से भी पूछताछ की जा रही है। इधर, नवोदय विद्यालय जैसे अनुशासित और सुरक्षित माने जाने वाले संस्थान में रैगिंग की आशंका सामने आने से शिक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

परिजनों ने मांग की है कि रैगिंग के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और फरार छात्रों को जल्द से जल्द सुरक्षित बरामद किया जाए। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही बच्चों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पूरा जिला इस मामले पर नजर बनाए हुए है कि कब दोनों नाबालिग सुरक्षित घर लौटते हैं और रैगिंग जैसे गंभीर मुद्दे पर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होती है। इस विषय में स्कूल के प्राचार्य चंद्रशेखर पानकर ने बताया कि गुमशुदगी की सूचना विगत दिवस पुलिस को देने के बाद लगातार बच्चों को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। नवोदय विद्यालय से गायब छात्रों ने नोट भी छोडा है जिसमें स्पष्ट रूप से पैसे के लिए धमकाए जाने और सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग को लेकर बातें लिखी है और यह भी लिखा है कि ढूंढने की कोशिश मत करना। सिंगोड़ी के नवोदय विद्यालय की यह घटना आज हमारे समाज के लिए बेहद गंभीर और चिंतनीय विषय है। बच्चों की मानसिकता पर गहन अध्ययन करने और विशेष काउंसलिंग की आवश्यकता है। बोर्डिंग स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के मनोविज्ञान के विषय में और रैगिंग जैसे विषय को लेकर अति संवेदनशील होने की आवश्यकता है क्योंकि किशोरावस्था के नाजूक दौर में बच्चे कोई घातक कदम भी उठा सकते है जिसमें अप्रत्यक्ष रूप से शिक्षकों पर आरोप लग सकता है। जबकि शिक्षक बच्चों के भविष्य के निर्माण के लिए एढ़ी चोटी का जोर लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

### 20 जनवरी को कलश यात्रा से प्रारंभ होगा श्री सिंह वाहिनी दुर्गा मंदिर चांदामेटा शतचंडी महायज्ञ

**परासिया।** श्री सिंह वाहिनी दुर्गा मंदिर चांदामेटा जो कि नगर की देवी दुर्गा जी का मुख्य मंदिर है एवं प्राचीन काल से संपूर्ण चांदामेटा नगर के भक्तों मुख्य आकर्षण एवं आस्था का केंद्र है के परिसर में लगभग बीस वर्षों के पश्चात नगरवासियों द्वारा ब्रह्मलीन गुरुदेव संत श्री श्री 1008 गरीबदास जी महाराज जी के आशीर्वाद से सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है दिनांक 20 जनवरी 2026 दिन मंगलवार प्रातः 11 बजे से कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर बस स्टैंड बाजार से बुटरिया से सोसाइटी होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचेगी एवं यज्ञाचार्य एवं कथा व्यास श्री शिवजी महाराज जी वृन्दावन धाम द्वारा कलश पूजन होगा एवं प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक हवन पूजन का कार्यक्रम होगा एवं 2 बजे से संध्या 6 बजे तक सात दिनों तक चलने वाली श्री राम कथा देवी चरित्र का आचार्य शिवाजी महाराज जी के मुखारबिंद से वचन होगा कथा में प्रथम दिवस कथा माहात्म्यम द्वितीय दिवस शिव पार्वती विवाह तृतीय दिवस श्री राम जन्म चतुर्थ दिवस श्री राम जानकी विवाह एवं बसंत पंचमी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के शुभ अवसर पर प्रसिद्ध देवी गीत गायक अतरलाल वंशकार द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम संध्या 8 बजे से आयोजित किया जाएगा कथा में पंचम दिवस श्री राम वनगमन षष्ठम दिवस भारत चरित्र श्री हनुमान मिलन सप्तम दिवस रावण दहन श्री राम राज्य स्थापन कथा समापन हॉग 26 जनवरी 2026 को हवन पूजन एवं पूर्णाहुति नगरभोज भंडारे साथ समापन होगा सनद रहे कि श्री सिंह वाहिनी दुर्गा मंदिर प्राचीन काल से चांदामेटा की हृदय स्थली में माता सिंह वाहिनी विराजित है एवं सन 1984 में मंदिर समिति द्वारा प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार करवाकर भव्य मंदिर का निर्माण करवाया गया था जिसमें यज्ञ एवं पूर्ण विधि विधान से सिंह वाहिनी दुर्गा माता की सुंदर प्रतिमा की स्थापना की गई थी ।

### बूथ 141 कमेटी का गठन, शहर में नगर कांग्रेस कर रही बूथ कमेटी गठित

**परासिया।** कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं नकुलनाथ की मंशानुरूप प्रदेश और जिला कांग्रेस के आदेशानुसार शहर में बूथ कमेटी का गठन किया जाना है आज वार्ड क्रमांक 4 और बूथ क्रमांक 141की बैठक वार्ड के रेलवे पटरी वाले मोहल्ले में रखी गई थी बूथ कमेटी की बैठक में इस समन्वयक बी एल ऐ की सर्वसम्मति से गठन किया गया वहीं बैठक में सर्वसम्मति से बूथ के सदस्यों का चयन किया इस बैठक में वार्ड के पार्षद वीर बहादुर सिंह ने वार्ड के समस्त सदस्यों को संबोधित किया और आभार भी व्यक्त किया इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नवल सिंह परिहार ब्लाक समन्वयक बसंत कार्यकारी अध्यक्ष गगन खंडूजा ब्लाक अध्यक्ष महिला अंजली श्रीवास्तव प्रवक्ता सैफ खान नगर महिला अध्यक्ष सावित्री अमजद खान श्रीमती तुलसी वर्मा महमूद खान श्रीमती पूजा बिंदवारी इस्ताक खान विजय बहादुर आरिफ खान भागवती जावरे तौफेल अहमद गुरदास इंदू खान सुनीता डेहरिया अलकैफ खान सुखवती मर्सकोले मो इब्राहिम सहित वार्ड क्रमांक 4 बूथ 141 के सदस्य उपस्थित थे।

### 90 वर्षीय गुलाब सिंह ठाकुर का निधन



**परासिया :-** बड़कुही बस स्टैंड निवासी करीब 90 वर्षीय ठाकुर गुलाब सिंह बैस का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में किया गया । वे ठाकुर पुष्कर सिंह , ठाकुर मनीष सिंह , ठाकुर रितेश सिंह पिताजी और ठाकुर मानेद्र सिंह , ठाकुर राजू सिंह , ठाकुर ठाकुर राजा सिंह , ठाकुर गोलू सिंह , ठाकुर बल्लु सिंह के बड़े पिताजी थे ।

### भाजपा जिलाध्यक्ष मोहोड़ ने किया नववर्ष कैलेंडर का विमोचन

**सौंसर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा प्रकाशित वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर का गरिमामय विमोचन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड के कर-कमलों द्वारा इस आकर्षक कैलेंडर का विमोचन किया गया।इस वार्षिक कैलेंडर को विशेष रूप से कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है,जिसमे महत्वपूर्ण तिथियाँः शासकीय अवकाश और कर्मचारियों से संबंधित विशेष दिवस। पर्व-त्यौहारः वर्ष भर के समस्त मुख्य त्यौहारों की सटीक जानकारी। संगठनात्मक गतिविधियाँ,संघ की कार्ययोजना और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का विवरण है। विमोचन के अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने संघ को नववर्ष की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# शराब माफिया ने किया हमला, पुलिस ने दर्ज नहीं की एफआईआर
## पीड़ितों ने पुलिसिया कार्यवाही पर उठाए गंभीर सवाल, लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



धर्म टेकड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ितों की शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा मामला दर्ज नहीं किया गया, जिसका खामियाजा दो सगे भाइयों को भुगतना पड़ा। आरोप है कि इसी लापरवाही का फायदा उठाकर शराब माफिया ने दो दिनों के भीतर दोनों भाइयों पर अलग-अलग समय पर हमला कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिवार के एक सदस्य आरोपियों के पास अपने बेटे के बारे में जानकारी लेने गए थे परंतु न जाने किन गलतफहमियों कारण विवाद बढ़ा और आरोपियों ने बीयर की बॉटल से छोटे भाई पर हमला करते हुए सिर पर बॉटल पटक दिया।

लेकिन पुलिस ने न तो एफआईआर दर्ज की और न ही कोई ठोस कार्रवाई की। इसके बाद बेखौफ शराब माफिया ने पहले दिन एक भाई के साथ मारपीट की और अगले ही दिन दूसरे भाई पर हमला कर उसे घायल कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार लंबे समय से फल-फूल रहा है और पुलिस की निषक्रियता के कारण माफिया के हौसले बुलंद हैं। दो दिन में दो हमलों के बाद भी यदि पुलिस सख्त कार्रवाई नहीं करती, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

पीड़ित परिवार ने अब उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती तो यह हमला टल सकता था। सवाल यह है कि आखिर धर्म टेकड़ी चौकी पुलिस ने शिकायत के बावजूद मामला क्यों दर्ज नहीं किया और क्या शराब माफिया को किसी तरह का संरक्षण प्राप्त है?

अब देखना होगा कि इस सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन कब जागता है और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है या फिर आरोपी समझौते के लिए दबाव बनाने में कामयाब हो जाते है। अगर समय रहते पुलिस मामला दर्ज कर लेती तो आरोपी दबाव नहीं बनाते।

पीड़ित ने बताया कि हमारे परिवार पर अब जानलेवा हमला हो सकता है। हम डरे हुए है। अगर स्थानीय पुलिस सहयोग नहीं करती है तो हम उच्चाधिकारियों से संपर्क कर आरोपियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का पूरा प्रयास करेंगे।

### कतिया समाज महिला मंडल का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम 18 को

**छिन्दवाड़ाः-** कतिया समाज जिला संस्था के तत्वावधान में माघ माह मौनी अमावस्या के शुभ मुहूर्त पर ,महिला सामजिक समरसता हेतु सामूहिक लडडू गोपाल पूजन के साथ ही हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 18 जनवरी 2026 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से सामाजिक मंगल भवन प्रियदर्शनी कालोनी छिन्दवाड़ा में निःशुल्क रूप से किया जा रहा है ,जिसमें जिला संगठन की महिलाऐं ,मैरिज गुरुप एवं दूरस्थ अंचलों में स्थित ग्राम समिति महिलाओं को आमंत्रित किया गया है । उपरोक्त जानकारी प्रस्तुत कर जिला सचिव मोहन बेलवंशी ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे चरण में चौरागढ़ के संचालक मर्मज्ञ श्री श्री 1008 स्व.गरीबदास जी महाराज को मोक्ष हेतु मरणोपरान्त श्रद्धांजलि दी जाऐगी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र नागवंशी ,सरंक्षक अमीरचंद बेलवंशी ,उपाध्यक्ष गुरूदयाल बेलवंशी , जगन्नाथ ग्यारसिया, संयोजक ओमकार मेंहगिया ,सिरपत नायक, डॉ.सालिकराम बेलवंशी ,श्रीमति आशा/अशोक आम्रवंशी जनपद अध्यक्ष , परासिया , यशोदा बेलवंशी अध्यक्ष जिला महिला संगठन सदस्यों ने सजातीय महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### श्री महाकाल मंदिर मोक्षधाम में महाशिवरात्रि 2026 की तैयारी शुरू



**छिंदवाड़ा।** श्री महाकाल मंदिर मोक्षधाम में विगत सोमवार को "जाओ रे नंदी, भोले को दइयों को संदेश" जैसे भावपूर्ण भजनों के साथ पचमढ़ी स्थित महादेव मंदिर के मठाधीश पूजनीय ब्रह्मलीन श्री श्री 1008 महंत गरीब दास जी महाराज को श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसी अवसर पर महाकाल मारुति नंदन सेवा समिति द्वारा आगामी महाशिवरात्रि पर्व 2026 को लेकर आयोजन की रूपरेखा तय की गई। समिति अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र (बबलू) पांडे ने बताया कि 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। पर्व के दिन प्रातःकाल से ही छिंदवाड़ा सहित पूरे जिले से श्रद्धालुओं का सैलाब महाकाल मंदिर पहुंचेगा, जिसके लिए सुगम दर्शन, सुरक्षा एवं व्यवस्था की विशेष तैयारियां की जाएंगी। उन्होंने बताया कि भगवान महादेव के प्रसाद स्वरूप विशाल फलाहारी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भोलेनाथ की भव्य बारात, भूत–प्रेतों के पारंपरिक स्वरूप के साथ मंदिर प्रांगण में निकाली जाएगी। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा का महाकाल मंदिर मध्यप्रदेश का दूसरा ऐसा मंदिर है, जहां प्रति सोमवार रात्रि 7:30 बजे भगवान भोलेनाथ की ताजे चिता की भस्म से भस्म आरती संपन्न होती है। कार्यक्रम के समापन पर समिति के वरिष्ठ मार्गदर्शकों, सेवादारों एवं शिव भक्तों द्वारा पूजनीय महंत गरीब दास जी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

### हिंदू सम्मेलन के पूर्व विशाल बाइक रैली का आयोजन आज

**छिंदवाड़ा।** हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, छिंदवाड़ा द्वारा शनिवार को दशहरा मैदान में आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन के पूर्व आज शुक्रवार, 16 जनवरी को एक विशाल मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली सम्मेलन के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरण के उद्देश्य से निकाली जा रही है।आयोजन समिति के अनुसार हिंदू सम्मेलन के निमित्त आयोजित मोटरसाइकिल रैली एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर के युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं सनातन धर्मावलंबियों की व्यापक सहभागिता रहेगी। यह रैली आज दोपहर 2 बजे पोला ग्राउंड, छिंदवाड़ा से प्रारंभ होगी।मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से नगरवासियों को 17 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आमंत्रण दिया जाएगा। रैली के पश्चात भूमिपूजन कार्यक्रम भी संपन्न किया जाएगा।हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति ने नगर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस मोटरसाइकिल रैली में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाएं एवं आगामी हिंदू सम्मेलन में सपरिवार उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाएं।

# सिंगोड़ी में निकली सनातनी ध्वज यात्रा
## 22 जनवरी को होगा सिंगोड़ी में हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



सनातन धर्म और संस्कृति को लेकर सकल हिंदू समाज सिंगोड़ी द्वारा दिनांक 19 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक हिंदू जन जागृति कार्यक्रम के माध्यम से विशाल हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन सिंगोड़ी नगर में किया गया है।इस अवसर पर इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर सहित अन्य धर्म पुरोहित द्वारा हिन्दू सम्मेलन में शामिल होकर अपने वक्तव्य देंगे।कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र कंच ने बताया कि हिंदू सम्मेलन को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आज केसरिया भगवा ध्वज पूजन एवं ध्वज बंधन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के समस्त सनातनी और हिंदू धर्मावलंबियों के लोग उपस्थित रहे। हिंदू सनातनी धर्म के अनुसार धार्मिक पूजन एवं विधि विधान के साथ केसरिया ध्वज का पूजन कर ध्वज वंदन किया गया। जिसमें समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से 22 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कबीरवाड़ा चौक सिंगोड़ी में उपस्थित होने की अपील की है। आज के इस कार्यक्रम में विशाल शोभायात्रा नगर के श्री राम मंदिर से निकाली गई जो की ग्राम के विभिन्न गली मोहल्ले से होते हुए बस स्टैंड चौक पहुंची जहां पर ध्वज बंदन किया गया तत्पश्चात जीवित समाधि स्थल कबीरवाड़ा चौक में ध्वज वंदन करते हुए शोभायात्रा का समापन किया गया।

### परासिया क्षेत्र में एक्पायर कोलड्रिंक विक्रय के संबंध में की गई कार्यवाही

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार एसडीएम परासिया शुभम कुमार यादव के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज परासिया क्षेत्र में एक्पायर कोलड्रिंक विक्रय के संबंध में कार्यवाही की गई। इस दौरान पशमा इंटरप्राईजेस चांदामेटा जो कि परासिया क्षेत्र में कोका-कोला के ऐजेंसी होल्डर है, के यहॉ भारी मात्रा में कोका-कोला ब्रांड के एक्सपायर कोलड्रिंक्स गोदाम में रखे पाये गये। हालांकि मालिक श्री शसप चौरसिया ने बताया कि यह सभी एक्सपायरी कोलड्रिंक्स कंपनी को वापस करने के लिये रखे गये हैं। टीम द्वारा सभी एक्सपायरी कोलड्रिंक्स की सूची तैयार की गई है एवं मालिक श्री शसप चौरसिया को 15 दिवस में कंपनी को सभी कोलड्रिंक्स वापस कर जानकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिये निर्देशित किया गया है। इसी गोदाम में सिवनी जिले से आये हुये 250 एमएल पानी पाउच की 185 बोरियां जिनमें 8880 पाउच मौजूद थे भी पाये गये। इन पाउचों में निर्माण तिथि अंकित नहीं पाई गई।

### एक स्कूल वाहन बिना परमिट संचालित पाये जाने पर किया गया जप्त

**छिन्दवाड़ा।** परिवहन आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा आज छिंदवाड़ा-नरसिंहपुर मार्ग पर संचालित हो रहे छोटे-बड़े यात्री वाहनों, मालवाहनों, निजी वाहनों के दस्तावेज (परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र) ओवरलोडिंग, लायसेंस अन्य दस्तावेजों की जांच की गई।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**जुन्नारदेव।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में उपखंड जामई अंतर्गत एसडीएम जामई, जनपद सीईओ की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखंड जमाई जल जीवन मिशन से एसडीओ श्री सोनल पारधी, उपयंत्री श्रीमती नीतू नागेश्वर केमिस्ट एवं ट्रेनर द्वारा फील्ड टेस्ट किट (F T K) एवं जल दर्पण पोर्टल का प्रशिक्षण समस्त पंचायत की आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता को दिया गया शुद्ध पेयजल की महत्ता को समझाया गया एवं ग्राम स्तर पर शुद्ध पेयजल की जांच की जा सके उक्त कार्य हेतु आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता को ट्रेनिंग दी गई एवं समस्त पंचायत में एक-एक (फ़ टी के) किट प्रदाय की गई ताकि ग्राम स्तर पर शुद्ध पेयजल की जांच की जा सके।

## दिल्ली से अनुमति मिलते ही शीघ्र ही शुरू होगी भारत ओपन कास्ट कोयला खदान
# सांसद के प्रयासों से अब जल्द ही कोयलांचल में लौट सकेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों का ही परिणाम है कि अब शीघ्र ही कोयलांचल में नई खदानें खुलने से रौनक लोटेगी। खदान खोलने की अनुमति के लिए प्रदेश के वन विभाग द्वारा अनुपालन रिपोर्ट केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव को भेज दिया गया है। अब दिल्ली से भारत ओपन कास्ट खदान को खोलने के लिए शीघ्र ही आदेश जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कोयलांचल में भारत ओपन कास्ट कोयला खदान को खोलने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा लंबे समय से लगातार प्रयास किए जा रहे है। अपने दिल्ली प्रवासों के दौरान सांसद श्री साहू ने भारत ओपन कास्ट कोयला खदान सहित अन्य कोयला खदानों को खोलने के लिए केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और केन्द्रीय कोयला मंत्री जी.किशन रेड्डी से मुलाकात करते हुए विभागीय कार्यवाही को शीघ्र पूर्ण करने का निवेदन किया था। सांसद श्री साहू ने पिछले दिनों भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव से मुलाकात करते हुए खदान खोलने के लिए निवेदन किया था शीघ्र पूर्ण करने का निवेदन किया था। जिसके बाद वन विभाग द्वारा डब्ल्यूसीएल को वन क्षति पूर्ति की राशि की जमा करने के लिए पत्र लिखा था। सांसद श्री साहू ने डब्ल्यूसीएल के अधिकारियों से संपर्क करते हुए उक्त राशि शीघ्र जमा करने का निवेदन करते हुए पत्र भी प्रेषित किया था। सांसद के निवेदन पर डब्ल्यूसीएल द्वारा वन विभाग को राशि जमा कर दी गई है।

सांसद बंटी विवेक साहू को वन विभाग द्वारा प्रेषित किए गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि वन विभाग भोपाल द्वारा दिल्ली भेजी गई अनुपालन रिपोर्ट के अनुसार भारत ओपन कास्ट कोयला खदान के कारण पर्यावरण को होने वाली क्षति की राशि डब्ल्यूसीएल द्वारा जमा कर दी गई है। दिल्ली भेजी गई अनुपालन रिपोर्ट में यह बताया गया है कि डब्ल्यूसीएल ने वन विभाग को वैकल्पिक वृक्षारोपण के लिए 1,38,85,489 की राशि एवं एन.पी.व्ही. के लिए 1,72,00,260 और गैप प्लांटिंग के लिए 69,75,753 की राशि जमा कर दी हैं, वहीं वृक्षों के विदोहन व्यय के लिए 14,21,996 की राशि राज्य शासन के राजस्व मद में जमा करा दी गई है। डब्ल्यूसीएल और वन विभाग की विभागीय कार्यवाही पूर्ण होने के बाद अब फाइनल रिपोर्ट दिल्ली भेजी जा चुकी है जहां से शीघ्र ही खदान खोलने की अनुमति दी जाएगी।

विदित हो कि कोयलांचल में लंबे समय से क्षेत्र के नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू के समक्ष नई कोयला खदाने खोलने का निवेदन किया जा रहा था। सांसद श्री साहू भी कोयला खदानों को खोलने के लिए प्रयास कर रहे है। भारत ओपन कास्ट कोयला खदान खुलने के बाद कोयले का उत्पादन होने से जहा विद्युत उत्पादन में मदद मिल सकेगी वहीं स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

**कार्यालय, जनभागीदारी समिति भूराभगत मंदिर सांगाखेड़ा**

::- कर वसूली ठेका नीलामी सूचना ::-

जुन्नारदेव, दिनांक 12/01/2026

महादेव मेला स्थल बड़ी भुवन एवं भूरा भगत में लगने वाले महादेव मेला वर्ष 2026 में दिनांक 06 फरवरी 2026 से 17 फरवरी 2026 तक वाहन पार्किंग कर एवं दुकान कर की वसूली हेतु ठेके की आम निलामी दिनांक 20 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को कार्यालय जनपद पंचायत जुन्नारदेव के सभा कक्ष में दोपहर 02:00 बजे रखी गई है। इच्छुक व्यक्ति अमानत की राशि रूपये 85600.00 (पच्यासी हजार छः सौ रूपये मात्र) बड़ी भुवन एवं भूरा भगत हेतु जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं। नीलामी एवं वसूली की शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

(सुश्री कामिनी ठाकुर)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं अध्यक्ष
जनभागीदारी समिति भूराभगत मंदिर सांगाखेडा

(सुश्री रश्मि चौहान)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सचिव
जनभागीदारी समिति भूराभगत मंदिर सांगाखेडा

**कार्यालय, जनभागीदारी समिति भूराभगत मंदिर सांगाखेड़ा**

!! निविदा सूचना !!

दिनांक :- 01.2026

महादेव मेला स्थल भूरा भगत एवं बडी भूवन / छोटी भुवन में 06 फरवरी 2026 से 17 फरवरी 2026 तक प्रकाश व्यवस्था (200-200-100) ट्यबू लाईट/सीएफएल 20 वॉट एवं 20-20-10 हाईमास्क) से प्रकाश एवं टेंट व्यबस्था हेतु (सीलिंग 30 नग, परदा 20 नग, स्पीकर सेट बैटरी सहित प्रतिदिन चार्जिग सहित 05 नग, बिछायत 10 नग, ड्रम प्लास्टिक 200 ली. 6 नग, गद्दे 120 नग) सील बन्द लिफाफे में दिनांक 20 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को दोपहर 02:00 बजे तक. निर्धारित निविदा प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन शाम 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा कार्यालय जनभागीदारी समिति भूराभगत मंदिर सांगाखेडा जनपद पंचायत जुन्नारदेव में खोली जावेगी। निविदा की विस्तृत शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती। है। निविदा प्रपत्र प्रकाश एवं टेंट व्यवस्था हेतु पृथक-पृथक 200.00 रू0 जमा कर कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

(सुश्री कामिनी ठाकुर)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं अध्यक्ष
जनभागीदारी समिति भूराभगत मंदिर सांगाखेडा

(सुश्री रश्मि चौहान)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सचिव
जनभागीदारी समिति भूराभगत मंदिर सांगाखेडा

### दुकानदारों ने कहा हम 40-50 साल पुराने किराएदार है और कॉम्पलेक्स में हमारी छोटी - छोटी दुकानें है जिसकी आय से हमारा परिवार चलता है

# हमारी दुकानें ना तोड़ी जाए, दुकानदारों ने कलेक्टर, एसडीएम और नपा को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



पुलिस थाना पांढुर्णा परिसर के ठीक सामने मेन रोड पर स्थित शाह कॉम्पलेक्स के 5 दुकानदारों ने आज कलेक्टर कार्यालय, एसडीएम कार्यालय तथा नगरपालिका में ज्ञापन देकर भूमि स्वामी द्वारा कॉम्प्लेक्स ढहाने की जारी कारवाई पर रोक लगाने की मांग की है।

शाह कॉम्पलेक्स में सतिश कालडा निवासी गुरूनानक वार्ड, रवि खुबेले निवासी रविदास वार्ड, अनीश कुमार मेहता निवासी सुभाष वार्ड, अनील कालडा निवासी गुरूनानक वार्ड तथा भारत नागपाल निवासी रानी दुर्गावती वार्ड की लगभग 40-50 बरस से दुकानें संचालित है। इन सभी दुकानदानों ने अपनी शिकायत में संबंधित अधिकारियों को बताया है कि बीते दिनों शाह कॉम्पलेक्स की लीज कुछ अन्य लोगों के नाम पर दर्ज कर रजिस्ट्री की गई है। जिन लोगों के नाम पर वर्तमान में लीज हुई है उन्होंने इस कॉम्पलेक्स को ढहाने की कारवाई पिछले हिस्से से शुरू कर दी है।

उक्त सभी दुकानदारों का कहना है कि हम 40-50 साल पुराने किराएदार है और कॉम्पलेक्स में हमारी छोटी - छोटी दुकानें है जिसकी आय से हमारे परिवार का पालन पोषण होता है। जब तक शाह कॉम्पलेक्स को खरीदनेवाले लोग हम दुकानदारों से सामंजस्यपूर्ण चर्चा नहीं करते या भूमिस्वामी के साथ हमारी एकराय नहीं होती तब तक कॉम्लेक्स के ढहाने पर रोक लगाई जाए।

## जामसांवली पदयात्रा यात्रा दिवस पर शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग

**पांढुर्णा।** आज यहां जामसांवली पदयात्रा समिति ने कलेक्टर कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत कर जामसांवली पदयात्रा वाले अर्थात प्रत्येक वर्ष के अंतिम शनिवार को शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग की है। इस आशय का ज्ञापन समिति ने नगरपालिका को भी प्रेषित किया है। ज्ञात हो कि पांढुर्ना जिले में आस्था का प्रतीक प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर में हर वर्ष के अंतिम शनिवार को पूरे जिले से हजारों की संख्या में भक्तजन पैदल पहुंचते है। यह यात्रा नगर के गुजरी चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से निकाली जाती है। इस प्रकार नगर से 38 किमी दूर स्थित जामसांवली हनुमान मंदिर में हजारों भक्त पैदल चलकर पहुंचते है। बीते 10 सालों में इस पदयात्रा ने इतना विशाल रूप धर लिया कि अब इसमें नन्हें मुन्नें बच्चों के साथ महिला एवं पुरूष समान रूप से बडी संख्या में हिस्सा लेते है। यात्रा में शामिल भक्तों की सुविधा के लिए पदयात्रा मार्ग में थोडे थोडे अंतराल में विशाल भंडारों और शीतपेय प्रदान करनेवालों द्वारा



व्यवस्था की जाती है। इस पदयात्रा की सुरक्षा और मंदिर प्रांगण में आज हजारों भक्तजनों की व्यवस्था उचित रूप से हो सके इसलिए जिला कलेक्टर और इनके अधिनस्थों द्वारा पर्याप्त प्रयास किए जाते है। पांढुर्ना जिले के लिए विशेष मानी जाने वाली इस पदयात्रा वाले दिन अर्थात वर्ष के अंतिम शनिवार को शासन द्वारा जरूर अवकाश प्रदान किया जाना चाहिए।

## युवाओं में बढ़ रही हैं रीढ़ की हड्डी की समस्याएं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ की चेतावनी

**छिंदवाड़ा।** आजकल की स्थिर जीवनशैली, गलत तरीके से बैठने की आदतें और मोबाइल या कंप्यूटर पर निर्भरता के कारण रीढ़ की समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। यह खासकर युवा पेशेवरों और बुजुर्गों में कमजोरी और जीवन की गुणवत्ता कम होने का प्रमुख कारण बन रही है। डॉ. परेश बंग, सीनियर कंसल्टेंट - स्पाइन सर्जरी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने बताया की,गर्दन और पीठ का दर्द अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रहा।



आजकल युवा मरीजों में भी की हड्डी की समस्याएँ बढ़ रही हैं, जो अक्सर ज़्यादा देर तक बैठने, गलत तरीके से बैठने और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण होती हैं। नागपुर के सीनियर स्पाइन सर्जन डॉ. परेश बंग के अनुसार, समय पर सही इलाज, मरीजों की जागरूकता और उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की पहुँच से रीढ़ की समस्याओं के परिणाम बेहतर हो सकते हैं। मैक्स हॉस्पिटल में मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी (MISS) की सुविधा उपलब्ध है। यह एक आधुनिक सर्जिकल तकनीक है, जो शरीर के ऊतक को कम से कम नुकसान पहुँचाती है, ऑपरेशन के बाद दर्द कम करती है, हॉस्पिटल में रहने का समय कम करती है और मरीजों को जल्दी ठीक होने में मदद करती है। इस तकनीक की मदद से मरीज पारंपरिक स्पाइन सर्जरी की तुलना में तेजी से और कम जटिलताओं के साथ अपनी सामान्य जिंदगी में लौट सकते हैं। मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर में विश्वस्तरीय सुविधाएँ मौजूद हैं, जिनमें उन्नत ऑपरेटिंग रूम, हाई-रेज़ोल्यूशन इमेजिंग सिस्टम, ऑपरेशन के दौरान नेविगेशन और न्यूरोमॉनिटरिंग तकनीक शामिल हैं। ये सुविधाएँ सर्जरी की सटीकता और सुरक्षा बढ़ाती हैं और हर्नियेटेड डिस्क, स्पाइनल स्टेनोसिस, स्कोलियोसिस, संक्रमण और चोट से हुई विकृतियों जैसी कई प्रकार की रीढ़ की समस्याओं का इलाज करने में मदद करती हैं। लेकिन रीढ़ की देखभाल केवल सर्जरी तक सीमित नहीं है। यह जागरूकता, रोकथाम और समय पर इलाज से शुरू होती है। छोटी-छोटी आदतें जैसे सही तरीके से बैठना, नियमित स्ट्रेचिंग करना, एर्गोनॉमिक वर्कस्टेशन का इस्तेमाल और सक्रिय रहना रीढ़ की समस्याओं के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

# खैरीतायगांव में 'शंकर पट' का रोमांच शुरू

## परंपरा-खेल भावना का अनूठा संगम पट स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



औद्योगिक क्षेत्र खैरीतायगांव में गुरुवार से तीन दिवसीय भव्य 'शंकर पट' (बैलगाड़ी दौड़) का जोरदार आगाज हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ किसान और बैल जोड़ियों के पूजन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंडी अध्यक्ष युवराज जिचकार ने कहा कि पट केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी लोक संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। यह युवाओं में अनुशासन और धैर्य विकसित करता है।

जनपद अध्यक्ष संजय भूते ने इसे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देने वाला आयोजन बताते हुए कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि खैरीतायगांव में इस आयोजन में प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में किसान और खिलाड़ी उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाते हैं।सभी खिलाड़ियों एवं खासतौर पर महाराष्ट्र से आए हुए सभी किसानों का आयोजन कमेटी की ओर से हम बहुत स्वागत सत्कार करते हैं।पट कमेटी के अमानउल्लाह खान और सहयोगियों ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 21 पुरस्कार रखे गए हैं: प्रथम पुरस्कारः मोटरसाइकिल द्वितीयः 41,000 रुपये,अन्य पुरस्कारः 31 हजार से लेकर 11 हजार रुपये तक के नकद इनाम। इस अवसर सौसर जप उपाध्यक्ष नारायण वाडोदे, अरूण काकडे, विल्सन मेश्राम, आनंद दुफारे, सुनील पिंजारे नामदेव भुजबल,राणी मर्सकोले, खैरीतायगांव सरपंच चंद्रषेखर कहाते, बोरगांव सरपंच पंकज दातारकर, उपसरपंच माधव ठाकरे, तीनखेडा सरपंच हरिदास धुर्व,पट कमेटी अध्यक्ष अमानउल्लाह खान, उपाध्यक्ष रमेश साखरे, बाबा बागडे, धनराज नारनवरे, लक्ष्मीदास बोरकर, मारोती अंबोरे के अलावा बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे

## बोरगांव में क्रिकेट खिलाड़ी मंगेश यादव का आज आगमन

**बोरगांव।** क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि ग्राम बोरगांव के होनहार खिलाड़ी मंगेश यादव का चयन दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट लीग आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर आरसीबी) टीम में हुआ है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद, मंगेश यादव के प्रथम आगमन पर उनके पैतृक ग्राम बोरगांव में भव्य स्वागत और सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।आरसीबी में चयन होने के बाद में खिलाड़ी मंगेश यादव का बोरगांव क्षेत्र की जनता आंखें लगाकर राह देख रही थी। शुक्रवार कोमंगेश यादव का स्वागत उत्सव की तरह किया जाएगा। दोपहर 1 बजे मंगेश यादव नागपुर के रास्ते क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। उनके सम्मान में सातनूर से बोरगांव तक एक विशाल रोड शो रेली निकाली जा रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण ढोल-धमाकों के साथ अपने लाड़ले खिलाड़ी की अगवानी करेंगे। मंगेश के आईपीएल में चयन होने से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। बोरगांव जैसे छोटे से गांव से निकलकर क्रिकेट के इस सबसे बड़े मंच तक पहुँचना युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि मंगेश की मेहनत और प्रतिभा ने आज गांव का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है।युवाओं और



क्षेत्रवासियों से अपीलआयोजन समिति और ग्रामवासियों ने क्षेत्र के सभी युवाओं और नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस भव्य रोड शो और स्वागत समारोह में शामिल हों।

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने तीन दिन पूर्व होने वाले बाल विवाह को रोका

**छिंदवाड़ा।** बाल विवाह, मौजूदा समाज की चेतना में उदासीनता का स्थायी भाव बेहद दुःखद है। हर जिले में बाल विवाह प्रतिषेध कानून के तहत एक अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है जिसे बाल विवाह के मामले में पुलिस की तरह गिरफ्तारी तक के अधिकार प्रावधानित है ।बाल विवाह की सूचना के लिए टोल फ्री नम्बर 181,112, ओर1098 पर दे सकते ,सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता हे । इन सभी विषयो पर जानकारी देने ,महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश शिवहरे के निर्देशन एवं परियोजना अधिकारी ग्रामीण श्यामा सिंह ठाकुर के मार्ग दर्शन मे जागरूकता कार्यक्रम ग्राम मेघासिवनी के ग्रामीणों एवं हायर सेकेंडरी स्कूल मे छात्राओ की उपस्थिति मे किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता शयामल राव ने उपस्थित ग्रामीणों एवं छात्रो को बताया की बाल विवाह प्रतिषेद अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह करना एवं करवाना कानुनन अपराध हे । एसा करने वाले व्यक्ति को दो लाख का जुर्माना एवं एक वर्ष की कठोर सजा का प्रावधान हे ,वही सामूहिक विवाह आयोजनों में अगर बाल विवाह की घटनाएं होती है तो आयोजकों के विरुद्ध भी सख्त कारवाई इस कानून के तहत सुनिश्चित की जाती है। बाल विवाह प्रतिषेध कानून भारत के सभी नागरिकों पर लागू है इसलिए कोई सम्प्रदाय विशेष इस कानून से परे होने का दावा कोई नही कर सकता है , पर्यवेक्षक अनीता इवनाती ने बताया की ग्राम मेघासिवनी के ढाना मे दिनांक 18 जनवरी को होने वाले काल्पनिक नाम वी धुर्वे की नाबालिग पुत्री का विवाह घोड़ाडोंगरी निवासी के साथ होने वाले बाल विवाह की गोपनीय सूचना मिलने पर दिन गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता श्यामल राव ,ओर स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे विवाह स्थल पर पहुंचकर बालिका के परिजनों एवं पड़ोसियों के साथ बैठकर बालविवाह प्रतिषेध अधिनियम ओर पाक्सो एक्ट की जानकारी देकर विवाह को रोकने सहमति बनाकर पंचनामा त्यार किया गया।

## राष्ट्रपति के नाम राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन, भाजपा सरकार पर लगाये गंभीर आरोप



**सौंसर।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग ओबीसी मोर्चा द्वारा गुरुवार को पांढुर्ना में जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति,के नाम ज्ञापन सौंपा गया।इस ज्ञापन के जरिए मोर्चा ने बामसेफ भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति रद्द किए जाने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। साथ ही ओबीसी की जाति आधारित जनगणना की मांग को फिर से दोहराया है।अधिवेशन की परमिशन रद्द करने पर आक्रोशज्ञापन सौंपते हुए मोर्चा के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दबाव में षड्यंत्रपूर्वक बामसेफ और भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति कोरद्द किया गया है। मोर्चा के अनुसार, यह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।और संवैधानिक संस्थाओं की आवाज को दबाने का प्रयास है। ज्ञापन में जाति आधारित जनगणना की मांग की गई है, ज्ञापन सौपने आए विजय घाटोड,गोविदराव दुफारे,रामराव बंसोड़, प्रदीप सोमकुंवर,सिद्धार्थ बागड़े,ने बताया कि ज्ञापन में ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया है। संगठन ने ओबीसी वर्ग की जाति आधारित जनगणना तत्काल कराई जाए। संवैधानिक अधिकारों के साथ हो रहे किसी भी प्रकार के खिलवाड़ को रोका जाए। लोकतांत्रिक संगठनों के कार्यक्रमों में सरकारी हस्तक्षेप बंद हो, राष्ट्रीय अधिवेशन की अनुमति तुरंत वापस दी जाए। अनुमति रद्द होने पर आर्थिक नुकसान की भरपाई की जाए। इस दौरान अरुण कुमार बागड़े, प्रवीण धुर्वे, डॉ बागडे,गजानन परतेती,आदि थे।

# नौका विहार कर घाटों का किया भ्रमण



मण्डला

मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने गुरुवार को संगम घाट पहुँचकर मेले एवं घाट क्षेत्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, एएसपी श्री शिव कुमार वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने यहाँ ने आयोजित भंडारे का वितरण कर श्रद्धालुओं को प्रसाद प्रदान किया और उनसे चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस मौके पर श्री प्रफुल्ल मिश्रा, श्री रानू राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भंडारा वितरित किया।



निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रीमती उइके एवं कलेक्टर श्री मिश्रा ने मेले की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन एवं अन्य सुविधाओं को भी देखा। उन्होंने मेले में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और सभी व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से संचालित रहें।

### घाटों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था

स्नान एवं नौका विहार के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका को देखते हुए मंत्री श्रीमती उइके एवं कलेक्टर श्री मिश्रा ने घाटों की सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने रंगरेज घाट, वैद्यघाट, किलाघाट, जेलघाट, नानाघाट में पुलिस बल, होमगार्ड द्वारा की गई व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने श्रद्धालुओं द्वारा नौकाविहार करने पर लाईफ जैकेट का इस्तेमाल करने की सख्त हिदायत दी। नर्मदा नदी की गहराई में श्रद्धालुओं को जाने से रोकने हेतु लगाए गए बैरिकेडिंग, सांकेतिक चिन्हों एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की स्थिति भी देखी और आवश्यक सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### मंत्री श्रीमती उइके ने माँ नर्मदा को प्रणाम कर लिया आशीर्वाद

मंत्री श्रीमती उइके ने माँ नर्मदा को प्रणाम कर जिलेवासियों के सुखी सम्पन्न एवं समृद्ध जीवन की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने नौका विहार के दौरान पक्षियों को दाना खिलाया और संगम घाट परिसर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अवगत कराया कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं।

### 4 सबडिवीजन में संभाल रहे एसडीओ का प्रभार

# एक उपयंत्री के आसरे जल संसाधन विभाग

*** ले-आउट हुआ नहीं और खरीद लिये 7.5 करोड़ के पाईप।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले में मुख्य रूप से तीन निर्माण एजेंसियां हैं जिन पर ही विभिन्न निर्माण कार्यों के संपादन की जिम्मेदारी होती है एक है लोक निर्माण विभाग दूसरी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग और तीसरी एजेंसी है जल संसाधन विभाग इन्हीं के माध्यम से सड़क, पुल पुलिया, भवन, नहर एवं बांध आदि का निर्माण किया जाता है इन तीनों निर्माण एजेंसियों में तकनीकी अधिकारी पदस्थ होते हैं जो कि मैदान से लेकर शासन तक की जिम्मेदारी संभालते हैं जमींनी स्तर पर उपयंत्री होते हैं जो कार्य डिजाइन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण संपन्न कराएं इसकी जिम्मेदारी उन पर होती है उसके ऊपर एसडीओ होते हैं जिनके माध्यम से किए गए कार्य का मूल्यांकन किया जाता है और भुगतान की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जाती है और फिर जिले में कार्यपालन यंत्री होते हैं जो पूरे जिले की व्यवस्था संभालते हैं जिन्हें ई के नाम से भी जाना जाता है प्रत्येक सबडिवीजन में अलग-अलग उपयंत्री एवं एसडीओ पदस्थ होते हैं जो अपने कार्यक्षेत्र के कामों को देखते हैं।

सरकार इन्हें इस काम में रख रही है तो निश्चित रूप से ये इस काबिल होंगे इतना तकनीकी ज्ञान रखते होंगे कि निर्माण कार्य व्यवस्थित तरीके से पूरा हो लेकिन जब शासन-प्रशासन के जिम्मेदार लोग किसी एक अधिकारी पर ही पूर्ण रूपेण निर्भर हो जाए तो फिर इसे क्या कहा जाए।

जिले में इस समय ऐसा ही हो रहा है वर्तमान में एक उपयंत्री को एसडीओ का प्रभाव दे दिया गया है और वह भी एक सबडिवीजन में नहीं बल्कि इन महाशय के पास चार चार प्रभार है इनका नाम है मुकेश कुमार मुड़िया जो की मूलतः उपयंत्री हैं उनके पास नरसिंहपुर सब डिवीजन के करेली में प्रभारी एसडीओ का प्रभार भी है यह जबलपुर सब डिवीजन में प्रभारी एसडीओ के रूप में काम कर रहे हैं यह पिंडरई सब डिवीजन के भी प्रभारी एसडीओ है और साथ ही इन्हें अंजनिया सब डिवीजन का भी प्रभारी एसडीओ बनाया गया है अब जिन सब डिवीजन का इन्हें प्रभारी एसडीओ बनाया गया है उन क्षेत्रों में कई सौ करोड़ के काम प्रस्तावित है ऐसा लगता है कि इनकी काबिलियत देखकर ही इन्हें इतने प्रभारों से नवाजा गया है जबकि यहां पहले से ही एसडीओ पदस्थ है तो वहां पर एक उपयंत्री को प्रभारी एसडीओ बनाकर भेजा जाना क्या दर्शाता है।

दूसरी ओर यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि इन्हें शायद बली का बकरा बनाने की तैयारी की जा रही है ज्ञात हो कि नैनपुर पिंडरई के थावर परियोजना अंतर्गत लगभग 130 करोड़ के काम होने हैं तो वहीं अंजनिया सबडिवीजन में लगभग 800 करोड़ के काम प्रस्तावित है जिसमें एक बड़ा बांध भी शामिल है जो की मवई विकासखंड में बनाया जाना प्रस्तावित है अब नियम तो यह कहता है कि यह काम तो बिछिया एसडीओ के प्रभार के अंतर्गत होना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा विशेष रूप से उपयंत्री मुकेश कुमार मुड़िया को एसडीओ बनाकर उन्हें यहां पदस्थ कर काम कराया जा रहा है।

इसके साथ ही अंजनिया सबडिवीजन में एक उपयंत्री नवोदित साहू भी पदस्थ किए गए हैं जिनके पास पहले से ही जबलपुर के हिरन सबडिवीजन का प्रभार है यह जबलपुर के ही उपयंत्री है इन लोगों को विशेष प्रभार देकर क्यों यहां पदस्थ किया गया है यह एक बड़ा प्रश्न है। यहां जो पहले से ही अधिकारी पदस्थ हैं क्या वे क्षमता वान नहीं है या फिर विश्वास के योग्य नहीं हैं तभी तो एक उपयंत्री को विशेष प्रभाव देकर उन्हें यहां प्रभारी एसडीओ बनाया गया है। इस विभाग के जो वर्तमान में कार्यपालन यंत्री प्रभार पर हैं इनका भी मंडला के प्रति विशेष मोह है इन्हें 2024 में भोपाल स्थानांतरित कर दिया गया था लेकिन 17 अक्टूबर 2025 को पुनः मंडला में पदस्थ हो गए हैं अब महत्वपूर्ण विभागों में इस तरह की पदस्थापना बिना वरिष्ठता पर विचार किये हो रही है तो उसके पीछे कोई विशेष कारण तो होगा ही। या फिर जैसा बड़े व्यापारी करते हैं जो गल्ले पर उसको ही बैठाते हैं जो दुकानदारी अच्छे से चला सके और लेन-देन भी बढ़ियां रख सके।

मवई विकासखण्ड के ग्राम भरकी देवरीदादर में एक डेम निर्माण प्रस्तावित है यह कार्य अपर बुढ़नेर परियोजना अंतर्गत होना है इस कार्य के लिये अभी डेम निर्माण के आसपास के ग्रामीणों का भू-अर्जन भी नहीं किया गया है और तो और बांध का फांउडेशन कार्य भी नहीं प्रारंभ किया गया है और न ही पर्यावरण विभाग एवं वन विभाग की अनुमति भी ली गई है लेकिन डेम में लगने वाले लोहे के पाईप अभी से ही खरीद लिये गये हैं। सूत्रों की माने तो इन लोहे के पाईपों का जो 700-800 एवं 1000-1200 एमएम के पाईप हैं जिनका भुगतान भी 7.5 करोड़ कर दिया गया बताया जा रहा है और ये लोहे के पाईप जल संसाधन विभाग के अधिपत्य में ही स्टोर किये गये हैं। अब यह तो समझा जा सकता है कि अंजनिया सबडिवीजन और बांध निर्माण क्षेत्र किस सबडिवीजन के समीप है इस कार्य में बिछिया एसडीओ की क्या भूमिका होनी चाहिये थी उन्हें किनारे कर क्यों एक उपयंत्री को एसडीओ का प्रभार देकर इन कार्यों को संपादित करने की योजना बनाई जा रही है यह सब वे प्रश्न है जो लगातार न केवल विभाग को कटघरे में खड़ा करते हैं बल्कि निर्माण कार्यों की हकीकत भी बयां करते हैं।






## वेद प्रकाश कुलस्ते ने भेंट की जीत की ट्रॉफी

**हरिभूमि न्यूजःमण्डला लालीपुर** (भावल) खैरमाई क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबले के साथ भव्य समापन हुआ यह प्रतियोगिता 16 दिसंबर से 2025 से प्रारंभ हुई थी जिसमें जिले भर से लगभग 22 टीम उत्साह पूर्वक भाग लिया जिसमें विजेता 15501रुपये व मैन ऑफ़ द सीरीज और उपविजेता 7501 रुपये व शील्ड देने का प्रावधान किया गया। प्रतियोगिता के सेमी फाइनल में लालीपुर वर्सेस कटिया के बीच टॉस किया गया जिसमें कटिया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय ली और शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 ओवर में 140 रन बनाई जिसका पीछा करते हुए लालीपुर टीम 12 ओवर में 110 रन ही बना पाई। जिसमें शानदार प्रदर्शन की रहते हुए कटिया क्रिकेट टीम ने ट्रॉफी विजेता अपने नाम किया, प्रतियोगिता के दौरान जनपद अध्यक्ष नारायणगंज के श्री आसाराम भारतीय के द्वारा हैट्रिक हैट्रिक विकेट हैट्रिक 4 हैट्रिक 6 लगाने वाले खिलाड़ियों को 500-500 रुपये का पुरस्कार राशि की घोषणा की गई जिसमें खिलाड़ियों का अति उत्साह देखने को मिला। इस अवसर में जिला सदस्य इंजीनियर भूपेंद्र वरकडे जनपद केंद्रीय मंत्री फागन सिंह कुलस्ते के सुपुत्र वेद प्रकाश कुलस्ते ने आपने उद्बोन खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया पुरूस्कार वितरण कर क्षेत्र वासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित की, साथ ही गुलाब सिंह वरकड़े जयस जिला अध्यक्ष रतन सिंह वरकड़े संयोजक रणजीत सिंह राजपूत अनिल सिंह बघेल धनेंद्र सिंह बघेल ग्राम सरपंच नोहर सिंह मरावी वार्ड पंच फूल सिंह योगेश पनारिया उमेदि मरावी बृजमोहन ठाकुर सुनील मलगाम राजेश उईके मनीष दुबे शिवम तिवारी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सम्मिलित रहे, अतिथियों के द्वारा विजेता टीम और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करके समापन किया गया।

**खबर संक्षेप**

### सद्भाव आक्शन प्रीमियर लीग वेटरन वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 25 से

**सिवनी।** एक बार फिर सिवनी जिले के इतिहास में जिले के सबसे बड़े सदभाव ग्रुप के तत्वाधान में सदभाव आक्शन प्रीमियर लीग वेटरन वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पॉलीटेक्निक मैदान में किया जा रहा है। जिसके रजिस्ट्रेशन की प्रकिया शुरु हो चुकी है। सद्भाव ग्रुप के सदस्यों ने जिले के वेटरन वर्ग के सभी खिलाडियों को आश्वस्त कराते हुए कहा है कि इस आयोजन का हिस्सा होना आपके व हमारे लिए शानदार अनुभव रहेगा आपको मनोरंजन के साथ खेल का भी पूरा आनंद मिलेगा इसलिए आप अपना नाम खिलाड़ी और ऑनर के रूप में जोडक़र इस शानदार आयोजन के लिए हमें प्रोत्साहित करें। सभी खिलाड़ी भाईयों और टीम के मालिकों व ओनरों को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि 14 जनवरी 2026 से रजिस्ट्रेशन का स्लॉट ओपन हो रहा है आप अपने नाम मोबाइल नंबर से दिए हुए नंबर पर या क्यूआर कोड स्केन कर खिलाडियों के लिए 300 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस एंव सभी टीम मालिक (ऑनर) भी 7000 रुपए जमाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। ज्ञात हो कि 14 जनवरी 2026 से रजिस्ट्रेशन की प्रकिया शुरु कर दी गई है जो 19 जनवरी 2026 को समाप्त कर दी जाएगी वहीं 20 जनवरी 2026 को मालिकों व ओनरों की उपस्थिति में ऑक्शन प्रकिया पूर्ण होकर टीमों का चयन करवाकर 25 जनवरी 2026 से टूर्नामेंट शुरू कर दिया जाएगा।

### मरार माली समाज ने शिक्षकों का किया सम्मान

**सिवनी।** मरार माली समाज के तत्वावधान में देश की प्रथम महिला शिक्षिका क्रांति ज्योति माता सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती को शिक्षा सेवा स मान एवं महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में बरघाट स्थित एक लॉन में मनाया गया। इस दौरान समाज द्वारा शिक्षकों का शाल श्रीफल से स मानित किया गया। कार्यक्रम में मरार माली समाज द्वारा लिए गए विभिन्न समाज उत्थान और समाज सुधार पर प्रकाश पंचेश्वर ने वाचन किया। इस दौरान सरस्वती पंचेश्वर बालाघाट के द्वारा महिला स मान एवं नारी सशक्तिकरण पर प्रकाश डालकर उपस्थित जन समुदाय एवं महिलाओं को प्रेरित किया। प्रो डॉ नरेश जमरे के द्वारा भारत के इतिहास, महापुरुषों के त्याग और कार्य पर प्रकाश डालकर, पाखंड, अंधविश्वास को त्यागने और समाज में वैज्ञानिक सोच पैदा करने पर जोर दिया। इस अवसर पर मरार माली समाज के जिला अध्यक्ष रमेश पंचे, मंडला जिला अध्यक्ष भागवत प्रसाद भावरे, उदय सिंह पंचेश्वर, सरस्वती पंचेश्वर, नरेंद्र जामरे, संतोष पंजेरिया, सुनील बाहे, ममता बाहे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एक जिला-एक उत्पाद अंतर्गत सीताफल आधारित कार्यशाला आज

**सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग तथा मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी), जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक जिला-एक उत्पाद योजना के अंतर्गत सीताफल आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 16 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से होटल साईं रेसीडेंसी, सिवनी में किया जाएगा। सहायक संचालक, उद्यानिकी विभाग द्वारा बताया गया कि कार्यशाला में एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत चयनित फसल सीताफल की उन्नत खेती तकनीक, विपणन एवं प्रसंस्करण से संबंधित जानकारी तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा सीताफल उत्पादक किसानों को प्रदान की जाएगी। कार्यशाला में जिले के सीताफल उत्पादक कृषक, सीताफल आधारित एफपीओ के सदस्य, सीताफल प्रसंस्करण इकाइयों के उद्यमी तथा सीताफल क्रेता-विक्रेता सहभागिता करेंगे।

## 20 फीट ऊंची सुरक्षा दीवार फांदकर फरार हुये थे कैदी

# फरार कैदी फिर पहुंचे जेल

**सिवनी। जिला जेल से बुधवार देर शाम तीन विचाराधीन कैदी लगभग 20 फीट ऊंची सुरक्षा दीवार फांदकर फरार हो गए। इस घटना से जेल प्रशासन में हडक़ंप मच गया। हालांकि गुरुवार को उनके परिजनों ने तीनों कैदियों को स्वयं तलाश कर जेल प्रशासन को सौंप दिया, जिसके बाद उन्हें दोबारा जेल में दाखिल किया गया।**

जानकारी के अनुसार पॉक्सो एक्ट के तहत बंद इन तीनों विचाराधीन कैदियों ने एक-दूसरे का सहारा लेकर जेल परिसर की लगभग 20 फीट ऊंची दीवार पार की। फरार होने की यह पूरी घटना जेल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। इसके बावजूद ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को इसकी भनक तक नहीं लगी, जिससे जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।फरार हुए कैदियों की पहचान लखनवाड़ा निवासी अंकित श्रीवाल, लखनवाड़ा निवासी विशाल ब्रह्मानंद और गोंदिया (महाराष्ट्र) निवासी विशाल चिंदीलाल के रूप में हुई है। घटना के बाद जब जेल में बंद कैदियों की गिनती की गई, तब तीन कैदियों की अनुपस्थिति सामने आई। इसके बाद जेल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल वरिष्ठ




अधिकारियों को सूचना दी गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए जेल प्रशासन ने डूंडासिवनी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। सूत्रों के मुताबिक, जेल प्रशासन ने फरार कैदियों के परिजनों से संपर्क कर उन्हें समझाइश दी।

इसके बाद परिजनों ने आरोपियों को खोजकर वापस जेल पहुंचाया। गुरुवार को तीनों आरोपियों को दोबारा जेल में दाखिल कर लिया गया।इस पूरी घटना ने सिवनी जिला जेल की सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। सूत्रों के अनुसार, जेल प्रशासन इस घटना के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। वहीं, घटना के संबंध में जेल अधीक्षक अजय सिंह वर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके मोबाइल पर एक आरक्षक ने बताया कि साहब व्यस्त हैं, आज बात नहीं हो पाएगी। दूसरी ओर डूंडासिवनी थाना प्रभारी चैन सिंह उईके ने बताया कि जेल अधीक्षक द्वारा तीन कैदियों के फरार होने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी और परिजनों द्वारा कैदियों को वापस सौंपे जाने की जानकारी मिली है। पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## लोकायुक्त का बड़ा एक्शनः धान खरीदी केंद्र में रिश्वतखोरी का पर्दाफाश



### 1500 की घूस लेते रंगे हाथ धराया दलाल, खरीदी प्रभारी पर शिकंजा

**सिवनी।** प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त की मुहिम लगातार रंग ला रही है। पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के सख्त निर्देश और पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में जबलपुर लोकायुक्त टीम ने एक बार फिर रिश्वतखोरों पर करारी चोट की है। धान बेचने आए किसान से खुलेआम घूस मांगने वाले खरीदी केंद्र के जिम्मेदार कर्मचारी अब कानून के शिकंजे में हैं।

**किसान से मांगी रिश्वत, लोकायुक्त ने बिछाया जाल**

आवेदक दुर्गेश चंद्रवंशी (30 वर्ष, निवासी ग्राम भौमाटोला, थाना कान्हीवाडा, जिला सिवनी) ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी कि धान की तुलाई तो हो गई, लेकिन भुगतान का चालान पाने के लिए 1800 की रिश्वत मांगी जा रही है।

शिकायत मिलते ही लोकायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 जनवरी 2026 को समनापुर खरीदी केंद्र पर ट्रैप की योजना बनाई।

**1500 की घूस लेते ही दबोचा गया आरोपी**

ट्रैप के दौरान सह-आरोपी मुकेश ठाकुर (कम्प्यूटर ऑपरेटर, दैनिक वेतनभोगी, उड़ेपानी को 1500 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि वह यह रकम मुख्य आरोपी हसीब अंसारी (सेल्समैन व खरीदी प्रभारी, सेवा सहकारी समिति उड़ेपानी, वर्तमान पद समनापुर खरीदी केंद्र के कहने पर ले रहा था।

**भ्रष्टाचार कानून के तहत सख्त धाराएं**

दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7, 12, 13(1)(क्च) एवं 13(2) के तहत मामला दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**लोकायुक्त टीम की सराहनीय भूमिका**

इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया निरीक्षक शशिकला मस्कुले ट्रैप लीड ऑफिसर निरीक्षक जितेन्द्र यादव एवं लोकायुक्त जबलपुर की विशेष टीम ने। संदेश साफ है रिश्वतखोरी नहीं चलेगी।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी के समक्ष असलम बाबा ने रखी जनहित की बात

**सिवनी।** नगरीय क्षेत्र की स्वच्छता बनाने हेतु मुख्य नगर बालिका अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा प्रतिदिन वार्ड भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गुरु नानक वार्ड की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं उनके कर्मचारियों द्वारा किया गया ।जिसमें जनपद पंचायत एवं पोस्ट ऑफिस के बीच की गली का निरीक्षण किया गया । इस गली के लिए कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं वार्ड पार्षद राजीक भाई के समक्ष जनहित के मुद्दे रखें ।असलम बाबा ने कहा कि सप्ताह में दो बार इस गली की साफ सफाई होना चाहिए आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं महिलाएं एवं बुजुर्गों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। माननीय मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि जल्द ही इस गली व्यवस्था बनाई जाएगी। असलम बाबा ने कहा कि शहर के समस्त वार्डों में भी साफ सफाई बनी रहना चाहिए। स्वच्छता के इस कार्य में सभी का सहयोग आवश्यक होना चाहिए । उपस्थित रहे मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ विशाल सिंह जी, वार्ड पार्षद राजीक भाई, स्वच्छता प्रभारी राज पवमे, पर्यवेक्षक सुशांत पांडे, वार्ड नोडल अखिल मिश्रा , वार्ड प्रभारी नीरज गोहरे, सुमित संनकत, अजय नाविक, कौमी एकता कमेटी अध्यक्ष असलम बाबा ने भी अपना सहयोग प्रदान किया

नगर पालिका सीएमओ के आवास पहुंचे असलम बाबा मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल सिंह मरस्कोले जी के सरकारी निवास पर पहुंचे कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कौमी एकता कमेटी के द्वारा किए जा रहे जनहित कार्यों की फाइल का निरीक्षण कर कौमी एकता कमेटी की जनहित कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि असलम बाबा एवं संगठन हमेशा जनहित कार्यकर्ता है। जब भी संगठन को जनहित कार्यों में सहयोग की आवश्यकता होगी नगर पालिका परिषद हमेशा सहयोग करेगा। असलम बाबा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल सिंह जी का धन्यवाद अदा किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल सिंह द्वारा खूबसूरत गार्डन का असलम बाबा ने भ्रमण कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बधाई दी।

## देवी सिंह चौहान की उपलब्धि बनी समाज के लिए नई उम्मीद और प्रेरणा

**सिवनी/बादलपार।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित द्वितीय भारतीय यूथ पार्लियामेंट-2026 में सिवनी जिले के छोटे से गांव बादलपार के युवा दीपक डहेरिया ने अपनी बेबाक और तार्किक अभिव्यक्ति से राष्ट्रीय मंच पर अलग पहचान बनाई।यूथ पार्लियामेंट में विपक्ष की भूमिका निभाते हुए दीपक डहेरिया ने सत्ता पक्ष को कठघरे में खड़ा किया और बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दे पर सीधा सवाल दागा। उन्होंने कहा कि देश का युवा आज रोजगार की तलाश में भटक रहा है, लेकिन नीतियां ज़मीनी हकीकत से कोसों दूर दिखाई देती हैं।दीपक ने व्यंग्यात्मक लहजे में सत्ता की कार्यशैली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हुकूमत कभी समस्याओं का समाधान देने के बजाय प्रतीकात्मक राहत देकर अपने कर्तव्यों से बचती नज़र आती है। उन्होंने यह भी कहा कि जब युवा रोजगार की मांग करता है तो उसे आंदोलनकारी मान लिया जाता है, जबकि लोकतंत्र में सवाल पूछना अपराध नहीं, अधिकार है।उनकी वाणी में व्यवस्था के प्रति असंतोष के साथ-साथ संवेदनशीलता भी झलकती रही। उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से यह संदेश दिया कि विकास तभी सार्थक है जब युवा सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर हो। यूथ पार्लियामेंट में दीपक डहेरिया की प्रस्तुति ने यह स्पष्ट कर दिया कि ग्रामीण अंचल का युवा भी राष्ट्रीय विमर्श को दिशा देने की क्षमता रखता है। उनके इस सशक्त प्रदर्शन से सिवनी जिला एक बार फिर युवाशक्ति के मानचित्र पर उभर कर सामने आया।

### 17 जनवरी को मनाई जाएगी मां पीतांबरा बगलामुखी जयंती

**सिवनी।** आगामी 17 जनवरी 2026 दिन शनिवार को श्री श्यामा सुंदरी कालीबाड़ी श्री श्री श्यामामनदिरम मिश्रा कॉम्प्लेक्स महावीर मढिय़ा के सामने मां बगलामुखी जयंती का आयोजन किया गया है । आयोजकों ने बताया कि मां बगलामुखी जयंती में मां पीतांबरी बगलामुखी एवं मां छिन्नमस्तिका विशेष पाश्चाअमृत अभिषेक सुबह 9.30 बजे से होगा उसके बाद मां का शृंगार एवं महापूजा शाम 4.30 बजे से हवन व शाम 6.30 बजे से आरती और विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया है। बाद में 7.30 से महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया गया है। श्री श्यामा सेवायत संघ ने सभी धर्मप्रेमी जनता से आग्रह किया है कि आयोजन में पधारकर धर्म लाभ अर्जित करे।

## भव्य जनजागरण वाहन रैली का आयोजन आज

**सिवनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिलेभर में आयोजित होने जा रहे हिंदू सम्मेलनों से पूर्व जनजागरण अभियान को गति देने के उद्देश्य से सकल हिंदू समाज द्वारा गठित समिति के आयोजकत्व में सिवनी नगरीय क्षेत्र में एक भव्य जनजागरण वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह वाहन रैली आगामी 16 जनवरी 2026, शुक्रवार को दोपहर 01 बजे नगर भ्रमण पर निकलेगी। शताब्दी वर्ष के इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित यह रैली हिंदू चेतना के विराट उद्घोष के रूप में सिवनी नगर में सांस्कृतिक एकता और वैचारिक जागरण का संदेश देगी। जनजागरण वाहन रैली का शुभारंभ मठ मंदिर प्रांगण से होगा, जहां से भगवा ध्वजों, धार्मिक नारों और राष्ट्रभक्ति के उद्घोष के साथ रैली नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगी। रैली का उद्देश्य हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोते हुए उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोडऩा तथा समाज में संगठन, सजगता और राष्ट्रहित के भाव को सशक्त करना है। यह वाहन रैली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए मठ मंदिर, छिंदवाड़ा चौक, दुर्गा अग्रवाल निवास, रेलवे क्रॉसिंग, अंबिका कॉलोनी, बेला चौक, दादू धर्मशाला, नगर पालिका चौक, बुधवारी, नेहरू रोड, शुक्रवारी बाजार, जैन मंदिर, गणेश चौक, बड़ा मिशन स्कूल, रानी दुर्गावती प्रतिमा, पोस्ट ऑफिस, भैरोगंज, सिंधी कॉलोनी, ज्यारत नाका, डालडा फैक्ट्री रोड, पॉलिटेक्निक कॉलेज, मातोश्री अपार्टमेंट, गायत्री मंदिर रोड, बबरिया रोड, बाहुबली चौक, सिंधिया पुतला, बरघाट नाका, काली चौक, राम मंदिर एवं विवेकानंद वार्ड से होते हुए पुनः मठ मंदिर में समापन करेगी।आयोजकों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव का अवसर नहीं है, बल्कि यह आत्ममंथन और नए संकल्प का समय है। इस जनजागरण अभियान के माध्यम से हिंदू समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हुए संगठित, जागरूक और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आगामी हिंदू सम्मेलनों में हिंदू समाज की एकता, संस्कृति संरक्षण, राष्ट्र प्रथम की भावना तथा युवाओं में वैचारिक चेतना जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। जनजागरण वाहन रैली इसी श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी है, जो यह स्पष्ट संदेश देती है कि हिंदू समाज आज संगठित, सजग और संस्कारवान मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

## चाइनीज मांझा विक्रय पर सख्त कार्रवाई, 31 रोल जप्त

**सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सिवनी श्रीमती राधिका पाठक द्वारा पतंग दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चाइनीज मांझा विक्रय करते पाए जाने पर तीन दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 31 रोल चाइनीज मांझा जप्त किया गया। कार्रवाई के दौरान बेला चौक मंगलीपेठ स्थित गब्बर पतंग (कस्तूरी पति गजानंद), विवेकानंद वार्ड निवासी आनंद ताम्रकार पिता नर्मदा तथा छोटी मस्जिद के पास स्थित दुकान संचालक सुहेल खान पिता मद्धुस्सलम के यहां से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद किया गया। उक्त कार्रवाई राजस्व एवं पुलिस अमले द्वारा संयुक्त रूप से की गई। इस अवसर पर समस्त पतंग एवं मांझा विक्रेताओं को प्रतिबंधित एवं घातक सामग्री का विक्रय/उपयोग न करने के सख्त निर्देश दिए गए। उल्लंघन की स्थिति में कड़ी वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

## ओवर लोड सब स्टेशनों में पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि कार्य जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर व्रत के अंतर्गत आने वाले सभी ओवरलोड सब स्टेशन में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य तेज गति से चल रहा है। नरसिंहपुर संचा / संधा संभाग अंतर्गत डाँगीढाना वितरण केंद्र के अंतर्गत बहोरीपार सब स्टेशन ओर उसरी सब स्टेशन में दो अलग अलग सब स्टेशन में अतिरिक्त 3.15 एम व्ही ए पावर ट्रांसफार्मर रखने से क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव सुखा, संग्रामपुर ,सहजपुरा, पांसी के किसानों को वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगा। इसी



प्रकार उसरी सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले गांव उसरी, जामुन, झिरिया ,जटलापुर, गोवावरी पिपरिया, किसलय अन्य गांव के उपभोक्ताओं को वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी और अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव और कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले, एस टी एम कार्यपालन अभियंता प्रियांक दीपक के सख्त निर्देश जारी किए हैं कि ऐसे पूरे व्रत ओर संचाध्संधा अंतर्गत आने वाले सभी ओवर लोडिंग सब स्टेशन को चिन्हित कर क्रम में पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के कार्य किए जाएं और भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जा रही है जिससे क्षेत्र की जनता को वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही होरीपार ओर उसरी के उपभोक्ताओं ने ऊर्जा विभाग ओर सभी वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया कि सालों से चली आ रही समस्या का निराकरण तत्काल प्रभाव से लागू होने से सभी को राहत मिलेगी।

## धार्मिक स्थल के पास गंदगी का अंबार स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही धज्जियां

**गोटेगांव।** भारत के प्रधान सेवक द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान को गोटेगांव में जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते ग्रहण लग रहा है। नगर की जनपद पंचायत के समीप स्थित दीनदयाल रसोई के पास बने भगवान भोलेनाथ के मंदिर के इर्द-गिर्द गंदगी का भारी अंबार लगा हुआ है। विडंबना यह है कि सनातन आस्था के प्रतीक महादेव के मंदिर के बिल्कुल किनारे कचरे के ढेर लगे हैं, जहाँ अपने कार्यों से आने वाले लोग प्रसाधन कर रहे हैं। इस धार्मिक स्थल की मर्यादा को तार-तार होते देख भी प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।*प्रशासनिक लापरवाही से चरमराई सफाई व्यवस्था*जनपद पंचायत प्रांगण और दीनदयाल रसोई के पास बढ़ती गंदगी के प्रति अधिकारी पूरी तरह उदासीन नजर



आ रहे हैं। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल केवल यहीं तक सीमित नहीं है, बल्कि तहसील कार्यालय की स्थिति भी बदहाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तहसील कार्यालय में लंबे समय से झाड़ू तक नहीं लगी है, जिससे पूरे परिसर में धूल और कचरे का साम्राज्य फैला हुआ है। प्रशासन की इस बेरुखी के कारण सरकारी कार्यालयों और उनके आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है।*दुकानदारों द्वारा कचरा फेंकने से नागरिकों में रोष*धार्मिक स्थल के समीप फैली इस गंदगी को लेकर श्रद्धालुओं और नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मंदिर में श्रद्धा रखने वाले भक्तों का कहना है कि आसपास संचालित व्यावसायिक दुकानों के संचालक अपना अपशिष्ट कचरा निकालकर खुले में फेंक देते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध और अस्वच्छता का माहौल बना रहता है। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि ऐसे दुकानदारों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई की जाए और मंदिर परिसर के आसपास नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

## सांकल घाट में परंपरागत मेले का भव्य शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति

**गोटेगाँव।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोटेगाँव ग्रामीण मंडल के सांकल घाट में आयोजित परंपरागत मेले का शुभारंभ आज विधिवत एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। शुभारंभ अवसर पर गोटेगाँव के लोकप्रिय विधायक श्री महेन्द्र नागेश जी उपस्थित रहे।इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटैल जी, जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्री निधान सिंह पटैल जी, मंडल अध्यक्ष श्री अभिषेक पटैल जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री एकम सिंह पटैल जी, पूर्व मंडी अध्यक्ष श्री दादूराम पटैल जी, सांसद प्रतिनिधि श्री पंकज चौकसे जी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश पटेल , पूर्व जनपद अध्यक्ष संतोष दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने सांकल घाट के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के पारंपरिक मेले आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता एवं लोकसंस्कृति को सुदृढ़ करते हैं।मेले के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन, ग्रामीणजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। आयोजन से सम्पूर्ण क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा एवं उल्लास का वातावरण व्याप्त रहा।

## नर्मदा घाटों पर रही विशेष भीड़

**तेंदूखेड़ा**

पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर मकर संक्रांति पर्व को लेकर विशेष भीड़ भाड़ देखने को मिली 13 जनवरी की रात्रि से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने अपने बाहनों ट्रेक्टरों से नर्मदा तटों पर पहुंच गये थे। मुहुर्त में स्नान कर पूजन अर्चन किया गया।इस बार 14 जनवरी को एकादशी होने के कारण विशेष महत्व होने और 15 जनवरी को भी मुहुर्त होने के कारण बड़ी संख्या में पहुंचे हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरा घाट बिल्थारी करोंदी बारह सिमरिया शोकलपुर घाटों पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचे।ककरा घाट पर भंडारों का आयोजन किया गया श्रद्धालुओं ने भर्ता बाटी बनाकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।

# वन विभाग के लिपिक कक्ष में गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग, रेंजर की मनमानी

हरिभूमि न्युज बालाघाट ।

दक्षिण सामान्य वन परिक्षेत्र कार्यालय बालाघाट परिसर में लिपिक कक्ष नया भवन का निर्माण 9 लाख की अनुमानित लागत से चल रहा है। जानकारी अनुसार नए भवन निर्माण को लेकर किसी एजेंसी को काम नहीं दिया गया है। इस नए भवन का निर्माण स्वयं वन विभाग करवा रहा है। ये कारनामा रेंजर हिमांशु राय कर रहे है। साथ ही इसमें पूरा गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है।



दरअसल, सरकारी विभाग में यदि कोई निर्माण कार्य करवाना है तो सबसे पहले टेंडर निकालना अनिवार्य है, लेकिन यहां पर ऐसा कुछ नहीं किया गया है। रेंजर सब अपनी मनमर्जी से काम करवाने में लगे है और उनके वरिष्ठ अधिकारी मूकदर्शक बने हैं। इससे रेंजर को खुली छूट मिलने से उनके हौसले बुलंद हो गए हैं।वन विभाग के लिपिक कक्ष भवन निर्माण में मोटी रेत, लोहे की मात्रा भी बराबर उपयोग नहीं की जा रही है यानी पूरी तरह से गुणवत्ताहीन कार्य कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य का मौके पर जाकर स्थिति देखने पर पता चला कि निर्माणकर्ता कालम में नियमानुसार लोहे का उपयोग नहीं कर रहा है। रेत भी बड़ी मोटी वाली इस्तेमाल कर रहे है, इससे देखकर प्रतीत होता है कि यह रेत वन विभाग ने नाले से लाकर काम चला रहे है। ऐसा निर्माण नए भवन में किया जाएगा तो भवन की उम्र का तो अंदाजा लगाना मुश्किल है। इससे दीवारों के फटने का बड़ा भय रहेगा। इसके साथ ही प्लास्टर भी समय से पूर्व झड़ने लगेगा।





वही जानकारी अनुसार भवन निर्माण में एस्टीमेट व मापदंड के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है लेकिन इन सबसे रेंजर को क्या लेना-देना है। खास बात यह है कि लिपिक कक्ष अंदर परिसर में निर्माण हो रहा है, इसलिए इस पर ज्यादा लोगों की नजर नहीं पड़ रही है। इधर, दक्षिण सामान्य वन परिक्षेत्र कार्यालय बालाघाट मुख्यालय में होने के बाद भी अभी तक डीएफओ व सीसीएफ गौरव चौधरी ने इस निर्माण कार्य का निरीक्षण अभी तक किया है या नहीं बड़ा सवाल बना हुआ है। इस निर्माण कार्य को देखकर तो ऐसा लगता है कि सरकार के पैसों का पूरा बंदरबांट किया जा रहा है।जांच में उजागर होगी खामियांबता दें कि यदि बन रहे लिपिक भवन की जांच ठीक तरीके से हो जाती है तो गुणवत्ताहीन सामग्रियों का बर्दाफाश हो जाएगा। क्योंकि मौके पर रेत, कालम में उपयोग किया गया लोहा यह स्पष्ट कर रहा है कि निर्माण कार्य नियमों की अनदेखी के तहत चल रहा है। इससे रेंजर हिमांशु राय की कारगुजारिया भी उजागर होगी।

## खबर संक्षेप

### मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नर्मदा घाट में स्नान के लिए उमड़ी भीड़

**नारायणगंज।** नारायणगंज अंतर्गत कुम्हा घाट में आज मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जा रहा है इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु तड़के सुबह नर्मदा स्नान के लिए घर से निकल पड़े वहीं नर्मदा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में स्नान दान किया है नर्मदा घाट में आसपास क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोगों ने नर्मदा जी का स्नान कर पूजा अर्चना की नर्मदा घाटों में पंचायत द्वारा व्यापक व्यवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टि से टिकरिया पुलिसऐसे में सुरक्षा के लिहाज से चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है कुम्हा घाट पर प्रशासन ने कल से ही सुरक्षा दुरूस्त रखी हुई है आज सुबह से दोपहर तक मकर संक्रांति स्नान पर्व पर एक हजार से ज्यादा श्रद्धालु ने नर्मदा तट में आस्था की डुबकी लगाई ग्राम पंचायत के सरपंच अखिलेश मरावी सचिन दीपचंद साहू एवं पंचायत के सभी पंचो एवं गांव के लोगों के सहयोग से दो दिवसी मैला।

### नर्मदा जयंती के अवसर पर निर्झरणी महोत्सव का आयोजन

मण्डला। नर्मदा जयंती के अवसर पर "निर्झरणी महोत्सव" का प्रदेश के विभिन्न घाटों, स्थलों पर आयोजन किया जाना है। 25 जनवरी को नर्मदा जयंती के अवसर पर माहिष्मती घाट में "निर्झरणी महोत्सव" कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्री सचिन जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### हीरापुर में 'आरोग्यम मंडला 2.0' स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

मण्डला। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर सोमेश मिश्रा की पहल पर जिले के प्रत्येक नागरिक तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आरोग्यम मंडला 2.0 अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज 15 जनवरी को जनपद पंचायत नैनपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत हीरापुर में जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिले में आमजन को ग्राम पंचायत स्तर पर ही बेहतर और निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आज जिले भर में कुल 33 स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया। हीरापुर में आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। आयुष विभाग के द्वारा पारंपरिक उपचार पद्धतियों और आयुर्वेद के प्रति जागरूकता और महिला एवं बाल विकास विभाग ने बच्चों और महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग की। शिविर का शुभारंभ स्थानीय जन प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों की मौजूदगी में हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुँचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और शासन की योजनाओं का लाभ लिया।

### श्वान में ट्यूमर की सफल सर्जरी

**मण्डला।** उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग मंडला डॉ. यू.एस. तिवारी के मार्गदर्शन में तथा पशु चिकित्सालय बम्हनी बंजर में डॉ. सुमित कुमार पटेल, प्रभारी शल्य चिकित्सा विंग द्वारा पशु पालक श्री शिव दुबे के श्वान में ट्यूमर की सफल सर्जरी की गई। श्वान को सीने में ट्यूमर था जिसकी जाँच उपरांत सफल ऑपरेशन किया गया।

### लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार, 15,000/- नकद बरामद

मण्डला। गोपी राम नंदा (उम्र 57 वर्ष), निवासी ग्राम गढ़ी, चौकी हिरदेनगर, थाना महाराजपुर द्वारा चौकी हिरदेनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम मांद, चौकी अंजनिया, थाना बम्हनी निवासी खगेश झारिया द्वारा ट्रैक्टर लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की है। खगेश झरिया द्वारा एचडीएफसी बैंक जबलपुर से 4,09,000/- का ऋण स्वीकृत कराया गया। गोपी राम नंदा द्वारा ट्रैक्टर क्रय न कर पाने की जानकारी देने पर आरोपी खगेश झारिया ने दिनांक 25.11.2025 को उक्त राशि बैंक से निकलवाकर गोपी राम नंदा के खाते में जमा कराई तथा आईसीआईसीआई बैंक से अधिक ऋण दिलाने का झांसा देकर अपने दो साथियों प्रत्येश ठाकुर, सचिन पटेल को बैंक कर्मचारी बताकर रकम ले ली। इसके पश्चात गोपी राम नंदा को एचडीएफसी बैंक की फर्जी जमा रसीद 3,91,300/- की थमा दी गई।




# सेना दिवस के उपलक्ष्य पर आज विद्यालय में विविध कार्यक्रम का हुआ आयोजन

किरनापुर

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर के प्लाटुन नम्बर 241के द्वारा गुरुवार 15जनवरी 2026 को विद्यालय सभागार में आज सेना दिवस बड़े ही गर्व और सम्मान के साथ मनाया गया। 6मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी बालाघाट के ,लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार गुप्ता के निर्देशन एवं संस्था की प्राचार्य श्रीमती अनिता तारन,वरिष्ठ शिक्षक श्रीमान डी आर पट्टावी सर एवं एनसीसी प्रभारी सीटीओ वर्षा चौरगड़े के मार्गदर्शन में एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा बनाया गया। यह दिवस हर वर्ष 15 जनवरी को भारतीय सेना की वीरता, त्याग और अनुशासन को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1949 में फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा ने भारतीय सेना के पहले भारतीय सेनाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया था।सेना दिवस के अवसर पर विभिन्न सैन्य छावनियों में परेड, शौर्य प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सेना के जवानों ने आधुनिक हथियारों और युद्ध कौशल का प्रदर्शन कर सभी को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके बलिदान को याद किया गया। विद्यालयों में भी सेना दिवस के उपलक्ष्य में भाषण, निबंध, चित्रकला और देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्य महोदय ने युवाओं को देश सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। सेना दिवस हमें यह संदेश देता है कि भारतीय सेना देश की सुरक्षा की मजबूत ढाल है और हर नागरिक को उनके सम्मान व समर्थन के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

**युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बने वीरेंद्र श्रीवास सामाजिक बंधुओं में खुशी की लहर**

# संत शिरोमणि केश शिल्पी सेन नाई समाज के जिला अध्यक्ष बने रवि नागपुरकर



### जिम्मेदार अध्यक्ष को मिला पुनः बड़ी जिम्मेदारी,

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** बालाघाट जिला केश शिल्पी सेन नाई समाज के जिला स्तरीय बैठक में पुराने कार्यकाल के समाप्त होते ही नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें कड़ी मेहनत से लगभग 10, वर्षों से समाज हितार्थ कार्य करने वाले रवि नागपुरकर को सर्व सम्मति से बालाघाट का जिला अध्यक्ष बनाया गया जहां आए हुए सामाजिक बंधुओं ने पुष्प हार पहनाकर, बधाई दिया गया

बालाघाट में संत शिरोमणि केश शिल्पी सेन नाई समाज जिला बालाघाट में जिला कार्यकारिणी की बैठक में समस्त सामाजिक बंधुओं के बीच समाज हितार्थ में पहले से बेहतर कार्य करने वाले, रवि नागपुरकर को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपा गया संगठन में संरक्षक मंडल की बैठक में वही युवा समाज के भविष्य होते हैं,, जिसके आधार पर समाज में नवाचार विचार धाराओं वाले एवं लगातार अपनी अलग पहचान रखने वाले समाज के युवा साथी वीरेंद्र श्रीवास को युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाया गया वही नगर अध्यक्ष के लिए, महेश मानेश्वर को चुना गया साथ ही महिला मोर्चा के गठन पर चर्चा कर समाज में महिलाओं को हमेशा एकत्रित करने वाली, महिला, दामिनी गोंडाने को महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनाया गया

संगठन के संरक्षक, अमित श्रीवास ने बताया कि संत शिरोमणि केश शिल्पी सेन नाई समाज द्वारा समस्त सेन नाई समाज को संगठित कर लगातार 11 वर्षों से समाज हितार्थ कार्य कर रहा है जिसके तारतम्य में आज जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष रवि नागपुरकर को समाज के उत्थान के लिए बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है साथ ही तीन और जिम्मेदारी अलग अलग सामाजिक कार्यकर्ताओं को दिया गया

जिसमें युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास को बनाया गया वहीं नगर मुख्यालय की बड़ी जिम्मेदारी जिसमें समस्त सेलून दुकारदार, पार्लर, सामाजिक बंधुओं को एकत्रित करने के लिए, महेश मानेश्वर को दिया गया

तीसरी बड़ी जिम्मेदारी दामिनी गोंडाने को दिया गया जो सेन नाई समाज के समस्त महिला मोर्चा मात्र शक्ति को सामाजिक दृष्टि से संजोकर समाज हितार्थ कार्य करने के लिए अग्रसर रहे।

126 विद्यार्थियों को अनुभूति कार्यक्रम में शामिल कर उन्हें वनों का पथ भ्रमण

# खैरलांजी वन विभाग ने किया अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन

**15 जनवरी गुरुवार को वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी.वासनिक का कुशल नेतृत्व**

खैरलांजी।

म.प्र. ईको पर्यटन बोर्ड भोपाल के तत्वावधान में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी श्रीमान गौरव चौधरी मुख्य वन संरक्षक वन वृत बालाघाट एंव श्रीमान नित्यानंदम एल. वन मंडल अधिकारी दक्षिण वन मंडल बालाघाट सामान्य, श्रीमान बी.आर.सीरसाम उपवन मंडल अधिकारी कटंगी के मार्गदर्शन में वन विभाग खैरलाजी के तत्वावधान में 15 जनवरी गुरुवार को वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी.वासनिक के कुशल नेतृत्व में मिरगपुर वृत के हथोडा बीट कक्ष क्रमांक 551 में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुभूति कार्यक्रम में सांदीपनि शा.उ.मा.विद्यालय खैरलांजी, शा.उ.मा.विद्यालय सालेबर्डी, परसवाडा , शा.हाई स्कूल हरदोली के करीब 126 विद्यार्थीयो को अनुभूति कार्यक्रम में शामिल कर उन्हें वनो का पथ भ्रमण करवाकर वनो के प्राकृतिक सौंदर्य व दृश्य सहित वन्यप्राणी के बारे में विस्तृत रूप से वन विभाग के पदाधिकारी एंव मास्टर ट्रेनर के द्वारा अवगत व गाईड किया गया। जिसके बाद बच्चो के द्वारा अपने अनुभवो व विचारो को साझा किया।बताया गया की बच्चो को वनो के भ्रमण के दरमियान वन्य प्राणी के पद चिन्ह, औषधीय पौधे, जडी बुटिया, आवला, महूआ, तेंदूपत्ता, लाख, गोंध, शहद तथा पशु, पक्षीय एवं वनस्पति पौधो के महत्व एंव वनो से प्राप्त होने वाले लाभ सहित पर्यावरण संरक्षण में इसके महत्व बताया गया। बच्चो के ज्ञान कौशल को



परखने व बौद्धिक विकास करने की मंशा से वस्तुनिष्ठ परीक्षा आयोजित की गई जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विधार्थीयो को पुरस्कार प्रदान सम्मानित किया गया । जिसमे प्रथम शिवमं बोपचे दसंवी, द्वितीय वरूण गौतम दसंवी ,तृतीय तन्वी गौतम दसंवी कक्षा की विद्यार्थी ने प्राप्त किया ।यह परसवाडा स्कूल के तीनो अध्ययनरत विद्यार्थी है । जिन्हे पुरस्कार देकर सम्मान दिया गया ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामेश्वर बिसेन जिलाध्यक्ष लघु वनोपज दक्षिण वन मंडल सामान्य बालाघाट, श्रीमती कविता देशमुख जनपद पंचायत अध्यक्ष कटंगी, अरविंद देशमुख जप.अध्यक्ष प्रतिनिधी कटंगी ,मनोज बोपचे जनपद सदस्य कटंगी, सांदीपनि शा.उ.मा.विद्यालय खैरलांजी प्राचार्य शैलेंद्र साहरे प्रणय गौरे वन समिती अध्यक्ष टेकाडीघाट,योगेश गौतम वन समिती अध्यक्ष हथौडा, लघु वनोपज समिती अध्यक्ष पुलपुट्टा नत्थुलाल लिल्हारे, डिप्टरेंजर कटोरी विजय सिंग कुसरे, डिप्टरेंजर खैरलांजी युवराज बोरकर, वनपाल मनीष पटले, सुनिल गौतम, चंद्र कुमार कडव, सौरभ शर्मा, राकेश साहू, नरेंद्र उईके, भेजन सिंह गरदे, पंकज भालाधरे, मनोज सेलोकर, निलय कीर्ति सुखदेवे, प्रबंधक विजय खुन्ने, शिव कुमार चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश, जिला शाखा मंडला के जिला अध्यक्ष श्री सतीश मिश्रा के नेतृत्व में प्रांतीय निकाय के आह्वान पर अपनी 11 सूत्रीय लंबित एवं न्यायोचित मांगों के निराकरण हेतु जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत तृतीय वर्ग कर्मचारियों ने मुख्य सचिव महोदय के नाम कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकीय विभाग, लिपिक वर्ग, कार्यालयीन कर्मचारी, टीसीपीसी,संविदा एवं अन्य श्रेणी के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी विभागों के कर्मचारियों ने अनुशासन एवं एकजुटता का परिचय देते हुए शासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। ज्ञापन में पदोन्नति से वंचित कर्मचारियों को पदोन्नति लाभ प्रदान करने, वेतन विसंगतियों का शीघ्र निराकरण करने, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित पदों पर नियुक्त करने, लंबित एरियर्स एवं भुगतान शीघ्र करने, नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ देने, अनुकंपा नियुक्ति एवं चतुर्थ श्रेणी की पदोन्नति पर सीपीसीटी की अनिवार्यता खत्म करने सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से रखा गया। संघ द्वारा बताया गया



कि वर्षों से कर्मचारियों की कई समस्याएं लंबित हैं, जिससे कर्मचारियों में निराशा एवं असंतोष व्याप्त है। यदि शासन द्वारा इन मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाता है तो इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा तथा शासकीय कार्यों की गुणवत्ता एवं कार्यक्षमता में भी सकारात्मक सुधार आएगा। जिला अध्यक्ष सतीश मिश्रा ने कहा कि तृतीय वर्ग कर्मचारी शासन-प्रशासन की रीढ़ हैं और उनके हितों की अनदेखी से शासकीय कार्य प्रभावित होते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शासन कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा। ज्ञापन में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के संभागीय उपाध्यक्ष राकेश शुक्ला, जिला सचिव रवि शंकर साहू, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान लता कुजूर, कोषाध्यक्ष कविता शुक्ला, कृष्णा उपाध्याय, सीमा चौरसिया, ज्योति मिश्रा, मनीषा नायडू, ऊषा झारिया, आशा धुर्वे, राममिलन सिंगौर, आशुतोष कुशवाहा, प्रेम भाँवरे, राजकुमार भाँवरे, गणेश बरमैया, दिनेश मिश्रा, राजेंद्र अग्रवाल, आलोक उपाध्याय, दिलीप मिश्रा, नवल यादव, शारदा गोप, मनीष श्रीवास्तव, श्रीमती नमिता श्रीवास्तव, प्रभात मिश्रा, नरेंद्र दुबे आदि सम्मिलित रहे। कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को शासन के समक्ष रखते हुए शीघ्र निराकरण की अपेक्षा व्यक्त की।

# लांजी में अवैध ईंट भट्टों के खिलाफ कुम्हार समाज का हल्ला, एसडीएम से की कार्रवाई की मांग, एसडीएम ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

लांजी।

क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टों के खिलाफ कुम्हार समाज ने मोर्चा खोल दिया है। समाज के लोगों ने एसडीएम एवं तहसीलदार लांजी को ज्ञापन सौंपकर इन अवैध भट्टों पर कार्वाई की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि लांजी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों, कस्बों और टोलों में कुम्हार समाज के लोगों को छोड़कर अन्य लोगों द्वारा धड़ल्ले से ईंट भट्टों का संचालन किया जा रहा है, जो नियम विरूद्ध है। इन भट्टा संचालकों द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 1 से 2 लाख ईंट का निर्माण कर इन्हें बेचा जाता है, जिससे कुम्हार समाज के लोगों को भारी क्षति का सामना करना पड़ता है। शिकायत में आगे कहा गया है कि शासन के नियमानुसार कुम्हार समाज के अलावा अन्य व्यक्ति अगर ईंट का निर्माण करता है तो वह अधिकतम 25 हजार ईंट का निर्माण कर सकता है, परंतु इन संचालकों द्वारा शासन के नियमों का उल्लंघन करते हुए उक्त कार्य किया जा रहा है। इन संचालकों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, खनिज विभाग, एवं तहसील कार्यालय से भी इस कार्य हेतु कोई अनुमति नहीं ली जाती, जिसके कारण शासन प्रशासन को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। कुम्हार समाज ने मांग की है कि इन अवैध ईंट भट्टों पर कार्रवाई की जाए, इनसे राजस्व की वसूली की जाए और शासन के नियमानुसार ही इनका संचालन करने की हिदायत दी जाए। समाज ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन इन अवैध ईंट भट्टा संचालकों पर कार्यवाही नहीं करता है तो आने वाले समय में कुम्हार समाज संगठन लांजी द्वारा अवैध ईंट भट्टा संचालकों के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के पूर्व कुम्हार समाज संगठन द्वारा नगर के मंडई टेकरी स्थित मां काली मंदिर प्रांगण में एक सामाजिक बैठक आयोजित की गई एवं ज्ञापन सौंपने के विषय में विचार विमर्श किया गया। इसके बाद कुम्हार समाज संगठन लांजी के अध्यक्ष पवन कश्यप के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम एवं तहसीलदार लांजी को ज्ञापन सौंपा गया ओर उचित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान पवन कश्यप अध्यक्ष, पवन कश्यप उपाध्यक्ष, शिव कुमार कश्यप सचिव, राम कश्यप, दिलीप प्रजापति, संतोष कश्यप, भुनेश कश्यप, वीरेंद्र कश्यप, कोया कश्यप, निखिल प्रजापति, धनंजय कश्यप, रमन प्रजापति, किशोर प्रजापति, मनीष कश्यप, लोकेश पाटर, सनी कश्यप, दिनेश प्रजापति, रमेश प्रजापति, श्रवण प्रजापति, डीलेश्वर कश्यप, कृष्ण कुमार कश्यप, सौरभ कश्यप, मिथुन कश्यप, शंकर कश्यप, अश्विनी कश्यप एवं सामाजिक बंधु उपस्थित थे।